दिनांक 15.09.2020 को मध्यान्ह 12:00 बजे विश्वविद्यालय समिति कक्ष में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में उद्भवन परिषद् की सम्पन्न तृतीय बैठक का कार्यवृत्त :

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये :

1.	प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	अध्यक्ष
2.	श्री मुख्तारूल अमीन, अध्यक्ष एवं प्रबन्धनिदेशक सुपर हाउस ग्रुप, कानपुर	सदस्य
3.	डा0 एल0बी0एस0 यादव, निदेशक, M.S.M.E., कानपुर	सदस्य
4.	श्री प्रवीन मंजा, कानपुर	सदस्य
5.	प्रो0 बी0वी0 फनी, आई0आई0टी0 कानपुर	सदस्य
6.	प्रो0 आर0पी0 सिंह, कानपुर	सदस्य
7.	प्रो0 सत्याकी राय, आई0आई0टी0 कानपुर	सदस्य
8.	प्रो0 पी0के0 कमानी, अधिष्ठाता, योजना एवं संसाधन जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	सदस्य
9.	प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, प्रति कुलपति, एच0बी.0टी0यू0 कानपुर	विशेष आमंत्रित
10.	प्रो0 नरेन्द्र कोहली, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर	सदस्य–सचिव

उद्भवन परिषद् के अध्यक्ष महोदय एवं सचिव द्वारा बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई :

मद सं0:03:01 **विश्वविद्यालय की उद्भवन परिषद् की दिनांक 28.08.2019 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् द्वारा दिनांक 28.08.2019 को सम्पन्न बैठक के निर्णयों का पुष्टीकरण किया गया।

मद सं0:03:02 **विश्वविद्यालय की उद्भवन परिषद् की दिनांक 28.08.2019 को सम्पन्न द्वितीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने दिनांक 28.08.2019 को सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया एवं डी0आई0सी0 परियोजनाओं के विस्तारण एवं संचालन हेतु प्रयास किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

''परिषद् ने सिविल इंजी० विभाग में इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेन्टर की स्थापना हेतु ए०के०टी०यू० लखनऊ द्वारा आवंटित धनराशि रू० 283.20 लाख के सापेक्ष प्राप्त 70.80 लाख में से व्यय की गई धनराशि 21.88 लाख को संज्ञान में लेते हुए आवश्यकतानुरूप अवशेष उपलब्ध धनराशि के उपयोग हेतु मा० कुलपति महोदय को अधिकृत किया था एवं उक्त के अतिरिक्त अवशेष आवंटित धनराशि को ए०के०टी०यू० से प्राप्त करते हुये व्यय किये जाने हेतु मा० कुलपति महोदय को अधिकृत किया था।'' इसके सम्बन्ध में संबंधितों को अवगत कराया गया। किन्तु कोई कार्यवाही न होने एवं वर्ष 2015 से अभी तक वांछित प्रगति न होने पर परिषद् ने पुनः अप्रसन्नता व्यक्त की एवं निर्देश दिया गया कि सिविल इंजी० विभाग के संबंधितों को निर्देशित किया जाये कि परिषद् के निर्देशानुसार अवशेष धनराशि का सदुपयोग करते हुये दो माह के अन्दर अपेक्षित कार्यवाही सम्पन्न करा कर माननीय कुलपति महोदय को सूचित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

''स्टार्ट–अप नीति निर्धारित करने हेतु अभिमत/सुझाव संबंधित ड्राफ्ट तैयार किये जाने के सम्बन्ध में'' निर्देश दिये गये कि विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के अतिरिक्त MSME, SIDBI के सुझावों को पुनः समाहित करते हुये एवं विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के सभी सदस्यों का सुझाव लेते हुए प्रो० पी०के० कमानी के समन्वयन में ड्राफ्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

उपरोक्त दिशा निर्देश के साथ परिषद् अन्य बिन्दुओं पर कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

मद सं0:03:03 स्टार्ट–अप और इनोवेशन पालिसी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर का तैयार ड्राफ्ट पर अन्तिम रूप दिये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।

परिषद् द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में तैयार ड्राफ्ट पर ''स्टार्ट–अप नीति निर्धारित तैयार किये जाने के सम्बन्ध में'' निर्देश दिये गये कि विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के अतिरिक्त MSME, SIDBI के सुझावों को पुनः समाहित करते हुये एवं विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के सभी सदस्यों का सुझाव लेते हुए प्रो० पी०के० कमानी के समन्वयन में ड्राफ्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

मद सं0:03:04 **सत्र 2020–21 हेतु विश्वविद्यालय की E - Cell के Student representatives के चयन पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद् ने E - Cell के चयनित छात्र प्रतिनिधियों की सूचीं में छात्रों के पद का बदलाव करते हुये अपना अनुमोदन प्रदान किया एवं शैक्षिक वर्ष 2020–21 के कार्यक्रमों की प्रस्तुत की गयी कार्यसूची से भी अवगत किया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0:03:05 **एम0ओ0यू0 अटल उद्भवन हब एच0बी0टी0यू एवं सी0एस0जे0एम0यू0 कानपुर एवं उद्भवन हब एच0बी0टी0यू एवं यू0पी0टी0टी0आई0 कानपुर के मध्य।**

परिषद् सम्पादित किये गये ए0एम0यू0 से अवगत हुयी।

मद सं0:03:06 **अटल उद्भवन हब अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन ।**

परिषद् द्वारा अटल उद्भवन हब अन्तर्गत आयोजित कार्यकमों को संज्ञान में लिया गया एवं प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

(प्रो0 नरेन्द्र कोहली)
सदस्य–सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
अध्यक्ष